Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्व का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 13 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-281

## 18 सालों में पहली बार आधी रात तक चली संसद

**» सौ सांसद की उपस्थिति में कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा की कार्यवाही एक बार फिर चर्चा में है. इस बार ये चर्चा किसी हंगामे को लेकर नहीं बल्कि देर रात तक चली संसद की कार्यवाही को लेकर हो रही है. पिछले 18 सालों में पहली बार ऐसा हुआ है जब लोकसभा में देर रात तक किसी मुद्दे पर बहस की गई है. खास बात ये है कि इस बहस में 100 लोकसभा सदस्यों ने हिस्सा लिया.

लोकसभा में गुरुवार को वर्ष 2019-20 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा की जा रही थी. बताया जाता है कि चर्चा इतनी लंबी चली कि रात के 11 बजकर 58 मिनट हो गए.



चर्चा के दौरान विपक्ष ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े विषयों को भी लोकसभा में उठाया.

लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल राज्यमंत्री सुरेश चन्नबसप्पा अंगदी ने कहा कि रेलवे एक परिवार की तरह है और सभी को एक साथ लेकर चलता है और सभी को संतुष्ट करता है. उन्होंने कहा, जिस तरह अटल जी ने सड़कों के लिए काफी काम किया था वैसे ही मोदी सरकार ने रेलवे के लिए बहुत काम किया है.

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने देर रात तक सदन की कार्यवाही चलाने की पहल के लिए लोकसभा अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया.

दूसरी तरफ चर्चा के दौरान कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने सरकार पर आरोप लगाया कि आम बजट में रेलवे को लेकर जिस तरह के वादे किए गए हैं, उसे देखकर लगता है कि सरकार रेलवे को निजी हाथों में सौंपने जा रही है. विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार को बड़े वादे करने के बजाय रेलवे की वित्तीय स्थिति सुधारनी चाहिए और सुविधा, सुरक्षा व सामाजिक जवाबदेही का निर्वहन सुनिश्चित करना चाहिए.

विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए बीजेपी ने कहा कि रेलवे रोजाना नए कीर्तिमान बना रहा है. पिछले पांच सालों में रेलवे की सफाई, सुविधा और सुरक्षा आदि क्षेत्र में काफी सुधार किया गया है. अब सरकार का जोर रेलवे में वित्तीय अनुशासन लाने पर है.

## एयर कनाडा के विमान में टर्ब्यूलेंस से 37 लोग घायल

**ओटावा।** वेंकूवर से सिडनी जा रहे एयर कनाडा के एक विमान में अचानक से तीव्र टर्ब्यूलेंस हुआ जिसमें कम से कम 37 यात्री घायल हो गए हैं। विमानन सेवा ने यह जानकारी दी। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (सीबीसी) की रिपोर्ट्स के अनुसार, उड़ान संख्या एसी33 गुरुवार सुबह लगभग 6.46 बजे होनोलूलू के अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची थी।

एयर कनाडा के प्रवक्ता पीटर फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि 35 लोग मामूली रूप से चोटिल हुए। हालांकि बाद में होनोलूलू के आपातकालीन विभाग के अधिकारियों ने घायलों की संख्या 37 कर दी।

फिट्सपैट्रिक ने कहा कि बोइंग



777-200 में 269 यात्रियों के अलावा विमान संचालन के 15 सदस्य भी थे और इसके हवाई पहुंचने में अभी लगभग के दो घंटों का समय था जब इसमें घातक टर्ब्यूलेंस हुआ। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन के प्रवक्ता इयान ग्रेगर ने कहा कि टर्ब्यूलेंस होनोलूलू के लगभग 966 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में जमीन से 10,973 मीटर (36,000 फीट) ऊपर हुआ। एक महिला यात्री ने कहा कि टर्ब्यूलेंस से उन्हें तेज झटका लगा। एयर कनाडा ने कहा कि सिडनी के विमान सेवा शुक्रवार को बहाल हो सकती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सोनिया और राहुल ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी व आनंद शर्मा ने गुरुवार को गोवा व कर्नाटक में राजनीतिक संकट को लेकर सरकार के खिलाफ संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। गोवा व कर्नाटक में कांग्रेस के बहुत से विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। यह विरोध प्रदर्शन संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने किया गया। उन्होंने नारे लगाए और तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। इन तख्तियों पर लोकतंत्र बचाओ लिखा था। कर्नाटक में जद-एस व कांग्रेस के 17 विधायकों ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है और गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। गोवा में 15 विधायकों में से 10 भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस तरह से कांग्रेस की संख्या पांच सदस्यों तक सीमित हो गई है। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दलबदल कराने का आरोप लगाया है।

### मेक्सिको में भूस्खलन, एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में भूस्खलन होने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राजधानी प्यूब्ला से 15 किलोमीटर दूर सेंट थॉमस चौटला में बुधवार की रात हुई भारी बारिश के बाद पहाडी का हिस्सा धंस गया। जिससे एक ही परिवार के सात चार नाबालिक बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी। राजधानी की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार बच्चों के पास होने की खुशी में जश्न मनाने के लिए परिवार के सभी सदस्य इकट्ठा हुये थे। रात को आठ बजे के आसपास भूस्खलन हो गया। दो बच्चों को बचाकर अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने भारी बारिश और भूस्खलन के खतरे के कारण पहाड़ी और नदी किनारे के दो अन्य घरों को खाली दिया है। प्यूब्ला में सरकार के महासचिव फर्नांडो मंजाइल्ला ने आपदा स्थल का निरीक्षण करने के बाद ट्वीट कर कहा, हमारा उद्देश्य एक और त्रासदी को रोकना है जैसा हमने कल रात किया था।

### ईएसआई अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में लगी आग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के बसई दारापुर के ईएसआई अस्पताल में आग लग गई. आग अस्पताल के तीसरी मंजिल पर बने ऑपरेशन थिएटर की सीलिंग में लगी थी. फिलहाल मौके पर दमकल विभाग की छह गाड़ियां भेज दी गई हैं. दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. हालांकि शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है. फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उन्हें आग लगने की कॉल मिली थी. जिसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना कर दी गईं. हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. हालांकि आग लगने के दौरान छह मरीजों को ओटी से सुरक्षित बाहर निकाला गया. दमकल विभाग के मुताबिक काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है.

### घर में सो रहे लोगों पर पलटा बेकाबू ट्रक, परिवार के 4 लोगों की मौत

**कन्नौज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के गुरुसहायगंज क्षेत्र में टायर फटने से लहसुन लदा ट्रक सड़क किनारे सोनेलाल की झोपड़ी पर पलट गया, जिससे वहां सो रहे परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई और तीन रिश्तेदार घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार तड़के घटी। दिल्ली से कानपुर लहसुन लेकर जा रहे ट्रक अगला टायर फट गया। इससे ट्रक बेकाबू होकर जीटी रोड किनारे बने कच्चे मकान पर पलट गया। यहां घर के अंदर सो रहे सोनेलाल गिहार (40), उनकी पत्नी गुड़िया और परिवार के ही दो बच्चे साहिल पुत्र श्यामू (10), हब्बू पुत्र श्यामू (8) की दबने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि रिश्तेदार ईटोंगांव निवासी रंजीत, श्यामू पुत्र रमेश और देवा पुत्र सोनेलाल घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया है।

## वाइस चीफ एयर मार्शल ने राफेल में भरी उड़ान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत और फ्रांस की वायुसेना इन दिनों द्विपक्षीय युद्धाभ्यास कर रही हैं. इस दौरान भारतीयु वायु सेना के वाइस चीफ एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया ने राफेल में उड़ान भरी. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने कई पाठ सीखे हैं कि कैसे हम राफेल का भारतीय वायुसेना में बेहतर उपयोग कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि इसके अलावा हम यह भी जानेंगे कि एसयू-30 के साथ इसका संयोजन किस तरह किया जा सकता है. भदौरिया ने कहा, भारतीय वायु सेना में टेक्नोलॉजी और हथियार के रूप में राफेल एक बार फिर गेम चेंजर साबित होगा. आने वाले सालों में



यह आक्रमक मिशनों और युद्ध जैसी स्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ आरकेएस भदौरिया ने राफेल को उड़ाने के बाद कहा कि राफेल दुनिया का बेहतरीन विमान है. इसके भारतीय वायुसेना के पास आने से भारतीय वायुसेना की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी. सुखोई और राफेल की जोड़ी की ताकत के आगे पाकिस्तान और चीन अब भारत के खिलाफ कोई भी नापाक हरकत नहीं कर पाएंगे.

## राष्ट्रपति कोविन्द आज से चार दिवसीय तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के दौरे पर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द आज 12 से 15 जुलाई तक तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। राष्ट्रपति कल चेन्नई में तमिलनाडु के डॉ. अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले एक विशेष दीक्षांत समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तथा केरल के राज्यपाल पी. सदाशिवम, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश शरद अरविन्द बोबड़े और मद्रास हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश श्रीमती विजय कमलेश ताहिलरमानी को एल.एल.डी. की मानद डिग्री प्रदान करेंगे।

कोविन्द 14-15 जुलाई को श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र देखने जाएगे और वहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियान के तहत चन्द्रयान-2 के प्रक्षेपण के अवसर पर मौजूद रहेगे।

## राहुल ने लोकसभा में उठाया किसानों की बदहाली का मुद्दा

**» राजनाथ ने दिया जवाब**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान किसानों की बदहाली का मुद्दा उठाया. राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अमीरों के लाखों-करोड़ों के कर्ज माफ हो रहे हैं, लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया जा रहा.

राहुल गांधी ने कहा, मेरे संसदीय क्षेत्र वायनाड में किसान आत्महत्या कर रहे हैं. यहां 8 हजार किसानों को बैंक लोन न चुकाने पर नोटिस भेजा गया है. केरल में 18 किसानों ने आत्महत्या की, क्योंकि वह बैंकों का लोन नहीं चुका पाए.

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों में बीजेपी सरकार ने अमीरों के 5.5 लाख करोड़ रुपये के कर्ज को माफ कर दिया, लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया. उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों को



लेकर किए गए अपने वादे पूरा करने चाहिए.

वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसानों की समस्याओं के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया. राजनाथ सिंह ने कहा कि किसानों की दयनीय स्थिति 4-5 साल में नहीं हुई.

## पाक ने कई इलाकों में सेना पर की भारी गोलीबारी

**» एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन**

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर में बॉर्डर पर एक बार फिर से पाकिस्तान ने नापाक हरकत की है। पाकिस्तान ने बॉर्डर पर सीजफायर का उल्लंघन किया है। वहीं, भारी गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।

जानकारी के अनुसार जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार को भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच भारी गोलीबारी हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सुबह आठ बजे, पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए भारतीय सेना और कृष्णा घाटी सेक्टर में रिहायशी इलाकों पर छोटे हथियारों से गोलाबारी और गोलीबारी की।

उन्होंने कहा, कुछ गोले



रिहायशी इलाकों में भी गिरे। फिलहाल किसी के घायल होने या मरने की सूचना नहीं है। भारतीय सैनिकों ने प्रभावी रूप से जवाबी कार्रवाई की।

इस बीच एलओसी पर हुई फायरिंग के मद्देनजर तमाम अन्य इलाकों में भी जवानों को पूरी तरह से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। हालांकि पाकिस्तान की गोलाबारी में किसी भी सैन्यकर्मी या स्थानीय नागरिक के हताहत होने की सूचना सामने नहीं आई। बता दें कि केजी सेक्टर को एलओसी से संवेदनशील हिस्सों में से एक माना जाता है और पाकिस्तान की ओर से पहले कई बार यहां गोलाबारी की आड़ में घुसपैठ के प्रयास किए जा चुके हैं।

## हादसों को रोकने ब्लॉक स्पॉट्स पर खर्च होंगे 14 हजार करोड़ : गडकरी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान की है तथा उन्हें दुरुस्त करने के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में सड़क दुर्घटनाएँ कम करने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने सहित विभिन्न तरह के प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश तमिलनाडु को छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में सड़क दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं आयी है।

गडकरी ने तमिलनाडु सरकार की सराहना करते हुए कहा कि तमिलनाडु ही एक ऐसा राज्य है जहाँ सड़क दुर्घटनाओं में 15 फीसदी की कमी आयी है, जबकि शेष राज्यों में सड़क दुर्घटनाओं के आँकड़े बेहतर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पूरे देश में ऐसे दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान की है, जिन्हें दुरुस्त करने के लिए 14 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा गया है। केंद्रीय मंत्री ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि सरकार ने परिवहन वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता समाप्त करने का फैसला लिया है और इस बारे में गत 18 जून को एक अधिसूचना जारी करके एक माह के भीतर सलाह एवं आपत्तियाँ मांगी गई हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति अपने बेटे को बनाएंगे अमेरिका में देश का राजदूत

**ब्राजीलिया।** ब्राजील के राष्टपति जैर बोलसोनारो ने इसकी पुष्टि की है कि वे अपने बेटे और संघीय प्रतिनिधि एडुआडरे बोलसोनारो को अमेरिका में ब्राजील का राजदूत नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गुरुवार को राष्टपति के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि वह इसके लिए उपयुक्त हो सकते हैं और वाशिंगटन में मामलों को अच्छे से संभाल सकते हैं।



उन्होंने कहा, हमने पिछले साल इस संभावना पर विचार किया था और इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं का विश्लेषण किया था।

इस नियुक्ति को उच्च सदन से पारित करने से पहले सीनेट विदेश संपर्क समिति से मंजूरी की जरूरत होगी।

एडुआडरे बोलसोनारो ने कहा कि वे अमेरिका में राजदूत बनने के लिए संसद छोड़ना चाहेंगे।

हालांकि वे फिलहाल हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स की विदेशी संपर्क समिति के प्रमुख हैं, तो उन्होंने इससे पहले वास्तव में किसी कूटनीतिक पद पर काम नहीं किया है।

वाशिंगटन में ब्राजीलियाई दूतावास में अप्रैल से कोई राजदूत नहीं है, जब राष्टपति ने पूर्व राजदूत को ब्राजील के विदेश मंत्रालय में नियुक्त कर दिया था।

## फीस बकाया होने पर टीसी नहीं रोक सकते स्कूल

**» हाईकोर्ट का आदेश**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि फीस बकाया होने की स्थिति में स्कूल किसी छात्र के स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) को नहीं रोक सकते हैं। न्यायाधीश डी. एन. पटेल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने गुरुवार को एक पत्र का संज्ञान लेते हुए यह आदेश पारित किया। पत्र में कार्तिक और प्रियांश के मामले का उल्लेख था। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी में उनके वर्तमान स्कूल ने करीब एक लाख रुपये की फीस बकाया होने के कारण स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने से मना कर दिया था जिस वजह से वे दूसरे स्कूल में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे।

पत्र को जनहित याचिका में परिवर्तित करने के पश्चात न्यायालय ने निजी स्कूल को एक सप्ताह के अंदर नौ वर्षीय कार्तिक (कक्षा तीन) और पांच वर्षीय प्रियांश (प्री-प्राइमरी) के माता-पिता को स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है।

न्यायालय के सहयोग के लिए




न्यायालय मित्र के रूप में नियुक्त अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने तर्क दिया कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 के नियम 167 के तहत, एक स्कूल फीस के बकाया होने पर अपने रजिस्टर से छात्र का नाम हटा सकता है, लेकिन इसे मुद्दा बनाकर वह छात्र के स्थानांतरण प्रमाण पत्र को नहीं रोक सकता।

बहस खत्म होने के बाद न्यायालय ने कहा कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम के तहत, एक निजी स्कूल के पास बकाया फीस का भुगतान न करने पर छात्र का टीसी रोकने कोई अधिकार नहीं है।

## विजय माल्या को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका

**मुंबई (आरएनएस)।** विजय माल्या को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ा झटका मिला है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने विजय माल्या की अपील के खारिज कर दिया है, जिसमें उसने अपनी संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई पर रोक की मांग की थी। उसने अपनी याचिका में किसी भी तरह की (बेचने की कार्रवाई) कार्रवाई की रोकने के लिए कहा था जिसे बॉम्बे हाई कोर्ट ने मना कर दिया। इससे पहले लंदन की रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने विजय माल्या को प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील करने की इजाजत दे दी है।

## मेहुल चोकसी के 24 करोड़ की संपत्ति जब्त

**» ईडी की बड़ी कार्रवाई**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले मामले में भगोड़े मेहुल चोकसी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी 24 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। दुबई स्थित तीन संपत्तियों पर प्रवर्तन निदेशालय की नजर थी, जिनका मूल्य करीब 24 करोड़ रुपये है। बता दें मेहुल चोकसी इन दिनों एंटीगुआ में रह रहा है। भारत सरकार भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी और नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की कोशिश कर रही है।

गौरतलब है कि मेहुल चोकसी को भारत वापस लाने का प्रयास जारी है। वहां के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन ने बयान दिया था कि वह जल्द ही मेहुल



चोकसी की नागरिकता रद्द करने वाले हैं। उनके मुताबिक, भारत की ओर से लगातार इसको लेकर दबाव बनाया जा रहा था।

इसी के साथ ही मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा।